भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1660
11 फरवरी, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कर्नाटक में सीजीएचएस

1660. श्री प्रज्वल रेवन्ना:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक के मैंगलोर, बेलगाम, हुबली-धारवाड़ और गुलबर्गा शहरों में कितने सीजीएचएस लाभार्थी/अंशदाता हैं;

(ख) क्या सरकार का कर्नाटक के उक्त शहरों में सीजीएचएस सम्पूर्ण स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) मैसूर शहर में प्रस्तावित सीजीएचएस सम्पूर्ण स्वास्थ्य केंद्र की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ड) इसके कब तक आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): कर्नाटक में मैंगलोर, बेलगाम, हुबली-धारवाड़ और गुलबर्गा शहर सीजीएचएस में कवर नहीं हैं। नए सीजीएचएस आरोग्य केंद्र (केंद्रों) को वर्तमान मानदंडों तथा उपलब्ध संसाधनों के अध्यधीन खोला जाता हैं। मैसूर में सीजीएचएस आरोग्य केंद्र अनुमोदित किया गया है।

******